**Obituary References**

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, अत्यंत दुख के साथ, मैं सभा को हमारे 13 पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना चाहता हूं ।

श्री मनोहर जोशी जी महाराष्ट्र के मुंबई उत्तर-मध्य संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 13 वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री मनोहर जोशी 13 वीं लोक सभा के अध्यक्ष भी रहे और लोक सभा के अध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन करते हुए, उन्होंने संसदीय परिपाटियों और मर्यादाओं की श्रेष्ठ परंपराओं को स्थापित किया । श्री जोशी ने भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री के रूप में भी कार्य किया ।

श्री जोशी सन् 1995 से 1999 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे और वे दो कार्यकाल के लिए महाराष्ट्र विधान सभा और तीन कार्यकाल के लिए महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य भी रहे ।

कुशल संसदविद श्री जोशी ने पोलैंड, क्रोएशिया, जेनेवा और चीन में भारतीय संसदीय शिष्टमंडलों का नेतृत्व किया ।

श्री मनोहर जोशी का निधन 86 वर्ष की आयु में 23 फरवरी, 2024 को मुंबई में हुआ ।

श्री ब्रह्मानंद मंडल बिहार के मुंगेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 10 वीं, 11 वीं और 13 वीं लोक सभा के सदस्य थे । श्री मंडल विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे ।

श्री ब्रह्मानंद मंडल का निधन 77 वर्ष की आयु में 30 जनवरी, 2024 को बिहार के मुंगेर में हुआ ।

श्री जय भद्र सिंह उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 13 वीं लोक सभा के सदस्य थे । वह रेल संबंधी समिति के सदस्य थे ।

श्री जय भद्र सिंह का निधन 71 वर्ष की आयु में 02 फरवरी, 2024 को लखनऊ में हुआ ।

श्री डी. वेणुगोपाल तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 11 वीं, 12 वीं, 13 वीं, 14 वीं और 15 वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री वेणुगोपाल विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे । इसके पूर्व, वे दो कार्यकालों के लिए तमिलनाडु विधान सभा के सदस्य रहे ।

श्री डी. वेणुगोपाल का निधन 92 वर्ष की आयु में 15 फरवरी, 2024 को तिरुवन्नामलाई में हुआ ।

डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क उत्तर प्रदेश के संभल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 11 वीं, 12 वीं, 14 वीं, 15 वीं और 17 वीं लोक सभा के सदस्य थे । डॉ. बर्क विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे ।

इसके पूर्व, वे चार कार्यकालों के लिए उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे और उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में भी कार्य किया ।

डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का निधन 93 वर्ष की आयु में 27 फरवरी, 2024 को संभल (उत्तर प्रदेश) में हुआ ।

श्री सी.पी.एम. गिरियप्पा कर्नाटक के चित्रदुर्ग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 9 वीं, 10 वीं और 12 वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री गिरियप्पा विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे । इसके पूर्व वे कर्नाटक विधान सभा के सदस्य थे ।

श्री सी.पी.एम. गिरियप्पा का निधन 83 वर्ष की आयु में 23 मार्च, 2024 को बेंगलुरु में हुआ ।

श्री ए. गणेशमूर्ति तमिलनाडु के इरोड संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 12 वीं, 15 वीं और 17 वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री गणेशमूर्ति विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे ।

उन्होंने तमिलनाडु विधान सभा के सदस्य के रूप में भी कार्य किया ।

श्री ए. गणेशमूर्ति का निधन 28 मार्च, 2024 को 76 वर्ष की आयु में कोयंबटूर, तमिलनाडु में हुआ ।

श्री कुंवर सर्वेश कुमार उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 16 वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री सर्वेश कुमार ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति के सदस्य रहे । इसके पूर्व उन्होंने उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य के रूप में पांच कार्यकालों के लिए कार्य किया ।

श्री कुंवर सर्वेश कुमार का निधन 20 अप्रैल, 2024 को 72 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में हुआ ।

श्री राजवीर दिलेर उत्तर प्रदेश के हाथरस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 17 वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री दिलेर ग्रामीण विकास और पंचायती राज संबंधी स्थायी समिति के सदस्य रहे ।

उन्होंने उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य के रूप में भी कार्य किया ।

श्री राजवीर दिलेर का निधन 24 अप्रैल, 2024 को 65 वर्ष की आयु में अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में हुआ ।

श्री वी. श्रीनिवास प्रसाद कर्नाटक के चामराजनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 7 वीं, 8 वीं, 9 वीं, 10 वीं, 13 वीं और 17 वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

उन्होंने उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया ।

श्री प्रसाद विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे ।

इसके पूर्व, श्री श्रीनिवास प्रसाद ने दो कार्यकालों के लिए कर्नाटक विधान सभा के सदस्य और कर्नाटक सरकार में मंत्री के रूप में भी कार्य किया ।

श्री वी. श्रीनिवास प्रसाद का निधन 29 अप्रैल, 2024 को 76 वर्ष की आयु में बेंगलुरु, कर्नाटक में हुआ ।

श्री एम. सेल्वराज तमिलनाडु के नागा-पट्टिनम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 9 वीं, 11 वीं, 12 वीं और 17 वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

वे रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति के सदस्य रहे । वे अन्य कई संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे ।

श्री एम. सेल्वराज का निधन 13 मई, 2024 को 67 वर्ष की आयु में चेन्नई में हुआ ।

श्री सुशील कुमार मोदी बिहार के भागलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 14 वीं लोक सभा के सदस्य रहे ।

श्री मोदी ने सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति और जल संसाधन संबंधी समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया ।

श्री सुशील कुमार मोदी दो कार्यकाल के लिए बिहार सरकार में उप-मुख्यमंत्री रहे और उन्होंने बिहार सरकार में मंत्री के रूप में भी कार्य किया ।

वे तीन कार्यकाल के लिए बिहार विधान सभा के सदस्य रहे और उन्होंने बिहार विधान सभा में विपक्ष के नेता के रूप में भी कार्य किया ।

श्री सुशील कुमार मोदी का निधन 13 मई, 2024 को 72 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में हुआ ।

श्री प्रतापराव बी. भोसले महाराष्ट्र के सतारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 8 वीं, 9 वीं और 10 वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री भोसले सभा पटल पर रखे गए पत्र संबंधी समिति के सदस्य रहे ।

वह महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य भी रहे और उन्होंने महाराष्ट्र में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य किया ।

श्री प्रतापराव बी. भोसले का निधन 19 मई, 2024 को 89 वर्ष की आयु में सतारा में हुआ । हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं । सभा उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है ।

अब, यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर के लिए मौन रहेगी ।

**<u>11.10 hrs</u>**

*The Members then stood in silence for a short while.*

माननीय अध्यक्ष **:** ओम शांति: शांति: शांति: ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मैंने पूर्व में भी आपको अवगत कराया है कि एडजर्नमेंट मोशन और शून्य काल महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के समय नहीं चलेंगे । यह बुलेटिन में भी बताया गया था और आपको पहले भी अवगत कराया जा चुका है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर आप सभी मुद्दों, सभी विषयों पर चर्चा कर सकते हैं और मैं सरकार से भी अपेक्षा करूंगा कि वह आपके उठाए गए हर मुद्दे पर जवाब देगी ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर सभी विषयों को उठा सकते हैं । आप संक्षिप्त में मत उठाइए, डिटेल में चर्चा कीजिए । आपके पास पर्याप्त समय है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** नहीं, मैंने व्यवस्था दे दी है । सभा पटल पर रखे जाने वाले पत्र ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय प्रतिपक्ष के नेता, मेरा यह विषय है कि आप महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर दो मिनट नहीं, बल्कि आपकी पार्टी का जितना समय है, वह पूरा भी ले सकते हैं, इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं है । आप डिटेल में बोल लीजिएगा, लेकिन एडजर्नमेंट मोशन पर और अन्य विषयों पर हम पहले ही व्यवस्था दे चुके हैं । इसलिए मैं सदन से आग्रह करूंगा कि आप प्रतिपक्ष के नेता हैं इसलिए आप संसदीय मर्यादाओं का पालन करेंगे । ऐसी मेरी आपसे अपेक्षा है ।

? (व्यवधान)

श्री राहुल गांधी (रायबरेली) **:** सर, माइक तो ऑन कर दीजिए ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैं माइक को बंद नहीं करता हूँ । मैंने पूर्व में भी आपको व्यवस्था दी थी । यहां कोई बटन नहीं होता है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैं आपको पूर्व में भी बता चुका हूँ कि आप अपने विषय को महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर रख सकते हैं । अभी कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा, इसलिए मेरा आपसे आग्रह है ।

? (व्यवधान)

श्री राहुल गांधी **:** सर, हिन्दुस्तान के जो स्टूडेंट्स हैं, उनको हम अपोजिशन और सरकार की तरफ से जॉइंट मैसेज देना चाहते थे कि हम इस मुद्दे को जरूरी मानते हैं और इसीलिए हमने सोचा था कि आज स्टूडेंट्स की रिस्पेक्ट करने के लिए हम नीट पर डिस्कशन करें, डेडिकेटेड डिस्कशन करें ।? (व्यवधान) अब बात यह है कि दो फोर्सेज हैं ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** नहीं, माननीय सदस्य ।

? (व्यवधान)

-

-

**<u>11.14 hrs</u>**